**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 311**

**18 दिसंबर, 2017 को उत्तर के लिए**

**लौह अयस्क इस्पात का उत्पादन**

**311. श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल:**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में उत्पादित और आयातित लौह अयस्क और इस्पात की कुल मात्रा सहित देश में इसकी प्रति व्यक्ति खपत का ब्यौरा क्या है;

(ख) आगामी तीन वर्षों के दौरान सरकारी तथा निजी क्षेत्रों में लौह अयस्क और इस्पात की अलग-अलग अनुमानित मांग और पूर्ति का अनुमान क्या है;

(ग) अनुमानित मांगों को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जाने वाले कदमों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या उक्त अवधि के दौरान लौह अयस्क के आयात में बढ़ोतरी हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या देश में इस्पात की कीमत अन्य प्रमुख इस्पात उत्पादन करने वाले देशों की तुलना में अधिक है और यदि हां, तो इस संबंध में उठाए गए ठोस कदमों सहित इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री विष्णु देव साय)**

(क): ब्यौरे निम्नानुसार है:-

| वर्ष | लौह अयस्क का उत्पादन (एमटी) | लौह अयस्क आयात (एमटी) | फिनिश्ड इस्पात का उत्पादन (एमटी) | फिनिश्ड इस्पात आयात (एमटी) | इस्पात की प्रति व्यक्ति खपत (कि.ग्रा.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2014-15 | 128.91 | 12.09 | 92.16 | 9.32 | 61 |
| 2015-16 | 155.59 | 7.09 | 90.98 | 11.71 | 64 |
| 2016-17 | 192.18* | 4.60 | 101.81 | 7.23 | 65 |
| 2017-18 | 93.75*# | 2.82* | 61.26*@ | 4.92*@ | --- |

(स्रोत: लौह अयस्क का उत्पादन - आईबीएम, लौह अयस्क का आयात – डीजीएफएटी / वाणिज्य विभाग, फिनिश्ड इस्पात का उत्पादन और आयात – जेपीसी, *अनंतिम, # अप्रैल-सितंबर 2017-18, @ अप्रैल-अक्टूबर 2017-18, एमटी- मिलियन टन)

(ख): चूंकि इस्पात नियंत्रण-मुक्त क्षेत्र है, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों के लिए लौह अयस्क और इस्पात की मांग और आपूर्ति का अलग से अनुमान नहीं लगाया जाता। तथापि, राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 में दीर्घावधि (2030-31)के लिए लौह अयस्क की आवश्यकता, घरेलू इस्पात की मांग/ उत्पादन संबंधी समग्र अनुमान निम्नानुसार हैं:-

| वर्ष | लौह अयस्क की आवश्यकता (एमटी) | कुल फिनिश्ड इस्पात मांग/उत्पादन (एमटी) |
|---|---|---|
| 2030-31 | 437 | 230 |

(ग): सरकार ने कच्चे माल और फिनिश्ड इस्पात से संबंधित मामलों की चिंता से निपटने के उद्देश्य से माइंस एंड मिनरल्स डेवलपमेंट एंड रेग्यूलेशन (अमेंडमेंट) एक्ट, 2015 और कोल माइंस (विशेष प्रावधान) एक्ट, 2015 को संशोधित किया और राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 को लागू किया।

(घ): लौह अयस्क के आयात के आंकड़े से गिरावट का संकेत मिलता है। लौह अयस्क के आयात का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| वर्ष | लौह अयस्क आयात (एमटी) |
|---|---|
| 2014-15 | 12.09 |
| 2015-16 | 7.09 |
| 2016-17* | 4.60 |
| अप्रैल-सितंबर, 2017* | 2.82 |
| स्रोत: डीजीएफटी/वाणिज्य मंत्रालय; *अनंतिम | |

(ङ): चूंकि इस्पात नियंत्रण-मुक्त क्षेत्र है, सरकार की भूमिका एक सुविधा-प्रदाता की है, जो देश में इस्पात उद्योग को बढ़ावा देने के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार करती है। विभिन्न इस्पात मदों के उत्पादन, बिक्री और मूल्य-निर्धारण आदि प्रत्येक इस्पात उत्पादक का अपना निर्णय है, जो बाजार के उतार-चढ़ाव सहित विभिन्न वाणिज्यिक पहलुओं पर निर्भर है। तथापि, आयातित इस्पात की कीमत (माल उतराई तक की लागत) और फिनिश्ड इस्पात मदों की घरेलू बाजार की कीमत (दिल्ली बाजार) के आंकड़े निम्नलिखित हैं, जो यह दर्शाते हैं कि इस्पात मदों की घरेलू कीमत आयातित इस्पात की कीमत (माल उतराई तक की लागत) से कम है:-

| वर्ष 2016-17 | मदें (रुपये प्रति टन) | |
|---|---|---|
| | (क) माल उतराई तक की लागत | (ख) खुदरा बाजार मूल्य (दिल्ली बाजार) |
| टीएमटी 10 एमएम | 35830 | 35237 |
| एचआरसी 2.0 एमएम | 39577 | 38825 |
| जीपी शीट्स 0.63 एमएम | 52356 | 48950 |

स्रोत: जेपीसी

*****